



# गौहरगंज में पथराव के बाद पुलिस ने किया लाठीचार्ज

## दुष्कर्म का आरोपी सलमान पांचवें दिन भी फरार, जिले में धरना-प्रदर्शन जारी





**रायसेन/ बेगमगंज, 26 नवंबर. जिले के गौहरगंज क्षेत्र में 6 साल की मासूम से दुष्कर्म के आरोपी सलमान की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार गौहरगंज में कुछ शरारतीतत्वों द्वारा एक समुदाय के घरों और धार्मिक स्थल पर पथराव किए जाने पर हुड़दंगों को पुलिस ने लाठीचार्ज करके खदेड़ा.**

वहीं बेगमगंज में हिंदू उत्सव समिति, मुस्लिम त्यौहार कमेटी, सकल दिगंबर जैन समाज समिति के आह्वान पर बुधवार को नगर बंद पूरी तरह सफल रहा। सैकड़ों की संख्या में दोनों समुदायों के लोगों ने नारेबाजी करते हुए विशाल जुलूस निकाला, जो नगर के मुख्य मार्ग से होकर तहसील कार्यालय पहुंचा ओर सामने सभी आक्रोशित लोग धरना देकर सड़क पर बैठ गए.

भीड़ के कारण सागर-भोपाल मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद हो गया जो प्रदर्शन होने तक रहा. यही स्थिति गौहरगंज, सुल्तानपुर, मंडीदीप, औबेदुल्लागंज में रही. वहां भी घटना के विरोध में नगर बंद , प्रदर्शन करके आंदोलनकारियों द्वारा ज्ञापन दिए गए. संवेदनशील जगह कलेक्टर , एसपी के साथ संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, एसडीओपी, थानाप्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा. मंडीदीप, गौहरगंज, सुल्तानपुर, औबेदुल्लागंज में प्रदर्शन में बटोगे तो कटोगे, हिंदुओं जागो जैसे नारे लिखी तख्तियां लिए महिलाएं एवं बच्चियों को देखा गया, जो आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करके फांसी दो के नारे लगा रही थीं. सभी जगह नगर बंद , धरना प्रदर्शन के बाद आंदोलनकारियों द्वारा मुख्यमंत्री व गृहमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम संबंधित नगर के एसडीएम को दिए गए हैं.

एडिशनल एसपी कमलेश खरपुशे का कहना है कि किसी भी स्थिति में हालात नहीं बिगड़ने देंगे और आरोपी की जल्दी गिरफ्तारी होगी. जिले के सभी नागरिकों से शांति-सद्भाव बनाए रखने की अपील की गई है.

### 300 पुलिसकर्मी ढूंढ रहे आरोपी सलमान को

पुलिस के अनुसार करीब 20 टीमें इस पूरे ऑपरेशन के लिए बनाई गईं है. 300 पुलिस वाले जमीनी स्तर पर आरोपी की तलाश कर रहे हैं. सभी तरह के प्रयास किए जा रहे हैं. आरोपी के ऊपर इनाम की राशि भी बढ़ाकर 30 हजार कर दिया है. शुक्रवार को 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाला आरोपी सलमान उर्फ नजर अभी तक पुलिस की गिरफ्त से दूर है. पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है. इसी को लेकर लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है.

### जीतू पटवारी ने पीड़िता की जानकारी ली

इस बीच बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भोपाल के एम्स अस्पताल पहुंचकर रायसेन की 6 वर्ष की मासूम रेप पीड़िता के स्वास्थ्य की जानकारी ली और डॉक्टरों से बच्ची के उपचार, सुरक्षा और आगे की चिकित्सा ज़रूरतों के संबंध में चर्चा की. इस दौरान कांग्रेस के कई स्थानीय नेता उनके साथ मौजूद थे.



## पूरी तरह बंद रहा सलामतपुर, रैली निकाली

**सलामतपुर, 26 नवंबर. गौहरगंज थाना क्षेत्र में 6 साल की मासूम से दुष्कर्म के जघन्य मामले को लेकर बुधवार को घटना के विरोध में सलामतपुर नगर पूर्णतः बंद का व्यापक असर देखने को मिला, जहां छोटे-बड़े सभी व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखे.**

चाय-पान के ठेले, सब्जी मंडी, किराना दुकानों समेत पूरे बाजार में सन्नाटा पसरा रहा. बंद का आह्वान सकल हिंदू समाज, विहिप व बजरंगदल द्वारा किया गया था. सभी ने एकजुट होकर हाथों में तख्तियां लेकर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और फांसी की मांग करते हुए मुख्यमार्गों से रैली निकालते हुए सलामतपुर थाने पहुंचे. जहां पर सांची थाना प्रभारी जय प्रकाश त्रिपाठी को एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा. और उन्होंने कहा कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होता, उनका विरोध जारी रहेगा. मामले में 5 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी सलमान उर्फ नजर पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिससे लोगों में और भी रोष बढ़ गया है.




## बम्होरी में आधे दिन प्रतिष्ठान बंद रहे

**बम्होरी, 26 नवंबर.** गौहरगंज थाना क्षेत्र में छह वर्षीय मासूम के साथ हुई घटना के विरोध में बुधवार को बम्होरी में सकल हिंदू समाज एवं क्षेत्रवासियों के आह्वान पर व्यापारियों ने आधे दिन तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध जताया. वहीं बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग झंडा चौक पर एकत्र हुए. सभी ने घटना पर दुख जताते हुए शांतिपूर्ण रैली निकालकर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की. झंडा चौक से शुरू हुई रैली उप तहसील प्रांगण पहुंची, जहां नागरिकों ने नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह राजपूत को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में मांग की गई कि आरोपी सलमान उर्फ नजर को तत्काल गिरफ्तार कर कठोरतम दंड दिया जाए. मामले की निष्पक्ष व पारदर्शी जांच हो तथा पीड़ित परिवार को आवश्यक सहायता तुरंत उपलब्ध कराई जाए.

## कम नामांकन वाले स्कूलों से सांदीपनि में कराएं प्रवेश

▸ स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किये निर्देश

**रायसेन, 26 नवंबर. प्रदेश में नवीन भवनों में संचालित सांदीपनि विद्यालय में मॉडल अनुसार आकांक्षी नामांकन एवं वर्तमान नामांकन की रिक्तियों के आधार पर उनके आस-पास के शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों का प्रवेश कराये जाने के लिये जिला शिक्षा अधिकारियों और प्राचार्यों को निर्देश दिये गये हैं.**

निर्देश में कहा गया है कि चयनित किये गये शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों की सूची में से सामान्यत: प्राथमिक विद्यालयों को अधिकतम 2 किलोमीटर दूरी तक लिया जाये. कम नामांकन वाले विद्यालयों से शत-प्रतिशत प्रवेश सांदीपनि विद्यालयों में कराया जाए.

निर्देशों में कहा गया है कि जिन निकटस्त शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों का प्रवेश शत-प्रतिशत सांदीपनि विद्यालयों में हो जायेगा, उन विद्यालयों को शिफ्ट करने का अनुरोध पोर्टल 3.0 पर अवश्य किया जाए. निर्देश में यह भी कहा गया है कि सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश के बाद शून्य नामांकन वाले विद्यालयों के शिक्षक यदि सांदीपनि विद्यालयों में अध्यापन के लिये सहमत होंगे, उन्हें वहीं रखा जायेगा. इसके बाद यदि कोई शिक्षक अन्यत्र जाना चाहते हैं, तो उन्हें कॉउंसलिंग से अन्य रिक्त पद वाले सरकारी विद्यालय में जाने का अवसर दिया जायेगा. इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है.

स्कूल शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षक एवं अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति ई-अटेंडेंस के माध्यम से नियमित कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की है. इस व्यवस्था की मॉनिटरिंग राज्य स्तर पर विभाग द्वारा समीक्षा के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है. स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग से विद्यालयों में पठन-पाठन की प्रक्रिया में शिक्षकों के द्वारा डिजिटल डिवाइस जैसे- कम्प्यूटर, इंटरएक्टिव पेनल तथा टेबलेट का उपयोग किया जा रहा है. प्रदेश में शिक्षकों की उपस्थिति को सटीक और सुगम तरीके से दर्ज करने के उद्देश्य से 'हमारे शिक्षक ऐप' विकसित किया गया है.

## मक्का के नहीं मिल रहे उचित दाम, किसान परेशान

### विक्रय करने पर फसल की लागत भी नहीं निकल रही

**सिलवानी, 26 नवंबर. शासन द्वारा कृषि को लाभ का धंधा बनाने एवं किसानों को समृद्ध बनाने की बात कही जा रही है जिसके तहत कई योजना के माध्यम से उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है. परन्तु किसानों की कुछ फसलों की उचित कीमत न मिलने से उनकी लागत ही नहीं निकल रही.**



जानकारी के अनुसार मक्का की फसल विक्रय करने आने वाले किसान कृषि मंडी में उचित दाम न मिलने से आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं. जिनको उपज की लागत अनुरूप लाभ नहीं मिल रहा. किसानों ने बताया कि शासन द्वारा इस वर्ष मक्का का समर्थन मूल्य एमएसपी करीब 2400 रुपए क्विंटल निर्धारित किया है. लेकिन कृषि मंडी में व्यापारियों द्वारा 1 हजार रुपए से 14 सौ रुपए तक मक्का की खरीदी की जा रही है जिससे किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं.

ग्रामीण क्षेत्र के कृषक प्रदीप गुप्ता ग्राम केवलारी ने बताया कि सुबह से अपनी मक्का की फसल विक्रय के लिए सिलवानी कृषि उपज मंडी आए जो अच्छी क्वालिटी की होने के बाद भी डाक नीलामी एवं व्यापारियों द्वारा केवल 1400 रुपए में खरीदी जा रही है. मक्का की फसल के उचित दाम न मिलने पर लाखों रुपए की लागत लगाने के बाद परेशान हो रहे हैं. कृषकों ने बताया कि मक्का खरीदी में समर्थन मूल्य के भाव नहीं दिए जा रहे जबकि शासन द्वारा एमएसपी तय की गई है. परन्तु कृषि मंडी के कुछ व्यापारियों द्वारा अपने मनमाने तौर पर खरीदी की जा रही है. दाम कम मिलने से किसानों की प्रारंभिक बोवनी से अभी विक्रय करने तक लागत नहीं निकल रही. किसानों द्वारा बीज खाद दवाई बिजली पानी देखरेख कटाई थ्रेसर मेहनत आदि अन्य कार्यों पर किए गए खर्च के अनुसार मक्का बेचने के बाद मूल लागत का हिस्सा भी निकलने में संघर्ष करना पड़ रहा है. कृषक महेंद्र यादव, सचिन साहू, तुलसी यादव, सुरेंद्र केवट आदि ने बताया कि मंडी में मक्का विक्रय के लिए आए लेकिन सही भाव न मिलने से मनोवल गिरने के साथ कई प्रकार की परेशानियां उठानी पड़ रही हैं. वहीं ऐसी स्थिति में कई किसान अपना कर्ज भी नहीं चुका पा रहे हैं. कृषकों ने एमएसपी व भावांतर योजना के आधार पर मक्का खरीदी किए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है. जिससे क्षेत्र के किसान लाभान्वित हो सकें और घाटे से उबर सकें.




## संविधान दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**सिलवानी, 26 नवंबर. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन अनिल कुमार सुहाने के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी द्वारा बुधवार को सांदीपनि माध्यमिक विद्यालय में संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया.**

शिविर की अध्यक्षता तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी की अध्यक्ष न्यायाधीश सुनीता पचौरिया ने की. उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया. इस दौरान उन्होंने बताया कि हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है, जो 1949 में संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अपनाए जाने की स्मृति में मनाया जाता है. उन्होंने छात्रों को बताया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है और अपने विशिष्ट प्रावधानों के कारण यह अन्य देशों से अलग पहचान रखता है. न्यायाधीश पचौरिया ने शिविर में मौलिक कर्तव्यों की जानकारी देते हुए कहा कि संविधान किसी भी नागरिक को विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के बिना जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं कर सकता. उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक कुरीतियों एवं गलत आचरण का प्रारंभिक स्तर पर ही विरोध करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि हर नागरिक को राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान सहित राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करना चाहिए.

उन्होंने वर्तमान समय के ज्वलंत सामाजिक मुद्दों पर भारतीय न्याय प्रक्रिया की भूमिका पर भी प्रकाश डाला. शिविर का संचालन शिक्षक विजय सोनी ने किया. कार्यक्रम में स्कूल प्रभारी प्राचार्य स्वतंत्र नेमा, विद्यालय स्टाफ, छात्र एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

## 100% मैपिंग करने पर बीएलओ को दिए प्रशस्ति पत्र


**उदयपुरा, 26 नवंबर.** रायसेन जिले के विधानसभा क्षेत्र 140 उदयपुरा के मतदान केंद्र क्रमांक 170- कुचवाड़ा, 179- सिलारी खुर्द, 182- आंवरिया, 220- कल्हेडी कला, 242- ककरुआ, 253-कैल्कच्छ के बीएलओ के द्वारा एसआईआर कार्य अंतर्गत मतदाताओं की 100 प्रतिशत मैपिंग करने पर तहसील उदयपुरा के तहसीलदार दिनेश बरगले, एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास खुशबू अग्रवाल एवं निर्वाचन सुपरवाइजर राजेंद्र गोदानी द्वारा बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए। निर्वाचन के इस विशेष कार्य में सहयोग करने के लिए बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ, रोजगार सहायक, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्राम चौकीदार का विशेष सहयोग रहा. तहसीलदार द्वारा सभी टीम को बधाई दी गई.



अनदेखी ▸ मंडी में बिना रेडियम पहुंच रही दर्जनों ट्रैक्टर ट्रॉलियां

## सिलवानी में पुलिस का सड़क सुरक्षा अभियान बेअसर

**सिलवानी, 26 नवंबर. सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन और पुलिस द्वारा समय-समय पर चलाए जाने वाले अभियान सिरे से बेअसर होते दिखाई दे रहे हैं. बुधवार को की गई पड़ताल में सिलवानी कृषि उपज मंडी का दृश्य चौंकाने वाला रहा. यहां सोयाबीन और अन्य उपजों से भरी दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बिना रेडियम पट्टी और बिना रिफ्लेक्टर के पहुंचीं, जिससे सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीर लापरवाही उजागर हुई है.**



**ज्यादातर ट्रॉलियों पर नहीं रेडियम, रिफ्लेक्टर भी धूल में ढंके:** मंडी परिसर में पहुंची ट्रॉलियों में केवल कुछ ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियां रेडियम लगी हुई मिलीं, वह भी ऐसी स्थिति में कि अधिकतर रिफ्लेक्टर धूल-मिट्टी से ढंके हुए थे और उनका प्रभाव लगभग समाप्त हो चुका था. कई ट्रॉलियों पर पुराने अभियानों के दौरान लगाए गए रिफ्लेक्टर अब खराब हालत में दिखे.

सबसे चिंताजनक बात यह रही कि नई ट्रॉलियों पर भी रिफ्लेक्टर या रेडियम पट्टी बिल्कुल नहीं लगी थी. इससे यह साफ है कि ट्रॉली निर्माता और वाहन मालिक दोनों ही अपनी जिम्मेदारियों से बचते दिख रहे हैं. क्षेत्र में सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां रजिस्टर्ड हैं और प्रतिदिन भारी संख्या में ट्रॉलियां कृषि उपज मंडी पहुंचती हैं, लेकिन सुरक्षा मानकों का पालन न करना गंभीर खतरा पैदा कर रहा है.

### ग्रामीणों और ट्रक चालकों का कहना है

रेडियम पट्टी रात के समय जीवन रक्षक का काम करती है. यह दूर से ही वाहन की मौजूदगी दिखाती है, जिससे पीछे से आने वाले वाहन सावधानी बरत सकें. बिना रिफ्लेक्टर ट्रॉलियां अंधेरे में बड़े हादसों का कारण बन सकती हैं. स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ समय पहले ट्रॉलियों पर रेडियम लगाने का अभियान तो शुरू किया गया था, लेकिन समय बीतने के साथ यह अभियान पूरी तरह ठंडा पड़ गया. पुलिस भी अब बिना रिफ्लेक्टर वाली ट्रॉलियों पर कार्रवाई नहीं कर रही, जिसके कारण वाहन मालिकों के हौसले बुलंद हैं और वे नियमों का पालन नहीं कर रहे.



**NAGAR PARISHAD UDAIPURA DISTT RAISEN**

**NIT NO/2025-26/1132** **Udaipura DATE 18/11/2025**

**// NOTICE INVITING E-TENDER //**

Online tenders are invited from the contractors registered in the centralized system for the following work. Detailed description of the tender can be seen at https://mptenders.gov.in

| NO | TENDER NO & PUBLISH DATE | NAME OF WORK | WORK DURATION & COST | COST OF BID DOCUMRNT & EMD | LAST DATE OF TENDER |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | Tender No- 2025 _UAD_463452_1 Publish Date 20-11-2025 | CONSTRUCTION OF MRF COMPOSTING PLANT UNDER THE SCHEME OF SBM 2.0 URBAN AT UDAIPURA DISTT RAISEN | 12 Month (Including Raining season) 4859689.00 | TENDER DOCUMENT COST-5000.00 & E.M.D -36448.00 | LAST DATE OF TENDER 22/12/2025 *Time-17:30* |

**CHIEF MUNICIPAL OFFICER**
**NAGAR PARISHAD UDAIPURA**